जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751–244228
(कार्यालय)
ई–मेल : E-mail : jiwajidcdc@gmail.com
Website :http://www.jiwaji.edu/

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2024/10346 दिनांक : 04.02.2024

विधानसभा तत्काल

(स्मरण–पत्र)

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/संचालक
समस्त संम्बद्ध अशासकीय महाविद्यालय
जिला–दतिया

विषयः– विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 1863 के द्वारा दतिया जिले में संचालित अशासकीय महाविद्यालयों की जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार प्रदान करने के संबंध में।

संदर्भः– 1.क्रमांक एफ 05/01/01/011/2024/38–03 भोपाल दिनांक 02.02.2024।
2.क्रमांक एफ 73/07–वि.स./आउशि/सम्बद्धता/24 भोपाल दिनांक 03.02.2024।
3.विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक एफ/सम्बद्धता/2024/10345 दिनांक 03.02.2024।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों में संलग्न प्रपत्रों के द्वारा आपके महाविद्यालय से संबधित जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने हेतु लिखा गया था। परन्तु खेद का विषय है कि विधानसभा के प्रश्नों के उत्तर जैसे गंम्भीर विषयों की जानकारी समय सीमा में आपके द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गयी है। जिससे विश्वविद्यालय से संबंधित उक्त तारांकित प्रश्न का जबाव समय सीमा में उच्च शिक्षा विभाग को भेजने में विलम्ब हो रहा है। जिसका समस्त दायित्व आपका है। इस स्मरण पत्र के द्वारा पुनः निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय से संबंधित समस्त प्रपत्र अनुसार चाही गयी जानकारी कल दिनांक 05.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय की ई–मेल आई–डी **Jiwajidcdc@gmail.com** पर भेजना सुनिश्चित करें। जिससे कि संकलित जानकारी तत्काल आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. भोपाल को भेजी जा सके।

विशेष नोटः–यदि किसी महाविद्यालय द्वारा उक्त जानकारी निर्धारित प्रपत्रों में अंकित कर प्रेषित नहीं की जाती है, तो विधानसभा में समय पर जानकारी प्रस्तुत नहीं किये जाने पर संबंधित महाविद्यालय के विरूद्ध शासन/विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता समाप्त करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। जिसके लिये महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/संचालक स्वंय जिम्मेदार होंगे।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त,उच्च शिक्षा विभाग,सतपुड़ा भवन,भोपाल।
2. डॉ0 धीरेन्द्र शुक्ल, विषेश कर्तव्यस्थ अधिकारी,उच्च शिक्षा विभाग,सतपुड़ा भवन, भोपाल।
3. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर–चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा कम्पू, लश्कर ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. श्री संजय बरथरिया, प्रभारी, आई. टी. सेल. की ओर इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त पत्र को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।

निदेशक
महाविद्यालयीन विकास परिषद्